
RIICO
GROW WITH RAJASTHAN
missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER
Class 10th SST
विकास
Development
RAPID

विकास

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. विकास का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(अ) केवल आय बढ़ाना

(ब) केवल औद्योगीकरण करना

(स) लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना

(द) केवल जनसंख्या बढ़ाना

विकास

2. अलग-अलग व्यक्तियों के विकास के लक्ष्य कैसे हो सकते हैं?

अ हमेशा समान

ब अलग-अलग और कभी-कभी परस्पर विरोधी

स केवल आर्थिक

द हमेशा विरोधी

विकास

3. किसी देश की औसत आय की गणना कैसे की जाती है?

(अ) कुल आय × कुल जनसंख्या

(ब) कुल आय ÷ कुल जनसंख्या

(स) कुल जनसंख्या ÷ कुल आय

(द) कुल आय + कुल जनसंख्या

विकास

4. विश्व बैंक देशों की तुलना के लिए मुख्यतः किस आधार का उपयोग करता है?

अ साक्षरता दर

ब औसत आय

स जनसंख्या

द क्षेत्रफल

विकास

5. प्रति व्यक्ति आय का दूसरा नाम क्या है?

अ राष्ट्रीय आय

ब औसत आय

स व्यक्तिगत बचत

द कुल उत्पादन

विकास

6. मानव विकास रिपोर्ट किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है?

अ विश्व बैंक

ब संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

स भारतीय रिजर्व बैंक

द विश्व व्यापार संगठन


7. मानव विकास की तुलना में किन बातों को महत्त्व दिया जाता है?

(अ) केवल आय

(ब) केवल जनसंख्या

(स) आय, शिक्षा और स्वास्थ्य

(द) केवल प्राकृतिक संसाधन



विकास

8. शिशु मृत्यु दर का संबंध किससे है?

अ एक वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु से


ब वृद्ध व्यक्तियों की मृत्यु से

स जन्म लेने वाले बच्चों की कुल संख्या से

द विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों से

विकास

9. साक्षरता दर किस बात का संकेत देती है?



(अ) लोगों की आय का

(ब) शिक्षा के स्तर का

(स) कृषि उत्पादन का

(द) जनसंख्या घनत्व का

विकास

10. सतत विकास का अर्थ क्या है?

अ संसाधनों का अधिकतम दोहन

ब केवल वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति

स सभी उद्योगों को बंद करना

द भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को नुकसान पहुँचाए बिना विकास

विकास

11. निम्नलिखित में से कौन-सा नवीकरणीय संसाधन है?

अ कोयला

ब पेट्रोलियम

स सौर ऊर्जा

द प्राकृतिक गैस

विकास

12. भूजल के अत्यधिक उपयोग से क्या समस्या उत्पन्न हो सकती है?

अ भूजल स्तर में वृद्धि

ब भूजल स्तर में गिरावट

स वर्षा में निश्चित वृद्धि

द मिट्टी का स्वतः निर्माण

विकास

13. किसी देश की प्रति व्यक्ति आय अधिक होने पर क्या यह निश्चित है कि वहाँ सभी लोग समृद्ध होंगे?

अ हाँ, हमेशा

ब नहीं, आय का वितरण भी महत्त्वपूर्ण है

स केवल ग्रामीण क्षेत्रों में

द केवल शहरी क्षेत्रों में

विकास

14. सार्वजनिक सुविधाओं का उदाहरण कौन-सा है?

अ निजी कार

ब महँगी घड़ी

स सरकारी अस्पताल

द निजी आभूषण



विकास

15. औसत आय की एक प्रमुख सीमा क्या है?

अ इसकी गणना नहीं की जा सकती

ब यह केवल कृषि आय बताती है

स यह जनसंख्या से संबंधित नहीं है

द यह आय के वितरण की असमानता को नहीं दर्शाती

विकास

16. किसी क्षेत्र में विकास का आकलन करने के लिए कौन-सा संयोजन अधिक उपयुक्त है?

अ केवल कारखानों की संख्या

ब केवल लोगों की आय

स केवल जनसंख्या

द आय, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जीवन सुविधाएँ

सूचकांक ~~गतिकाम~~
↓
UNDP

विकास

17. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

अ विकास का अर्थ सभी लोगों के लिए एक जैसा होता है

ब अधिक आय ही जीवन की हर आवश्यकता पूरी करती है

स पर्यावरण का विकास से कोई संबंध नहीं है

द विकास के लक्ष्य व्यक्ति की परिस्थितियों के अनुसार बदल सकते हैं

विकास

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. विकास से आप क्या समझते हैं?

विकास

उत्तर : विकास वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा लोगों के जीवन स्तर, आय, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की अन्य सुविधाओं में सुधार होता है।

विकास

2. राष्ट्रीय विकास से क्या तात्पर्य है?



विकास

उत्तर : राष्ट्रीय विकास का अर्थ ऐसा विकास है जिससे देश के अधिकतर लोगों का कल्याण हो और उनकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार आए।



विकास

3. निवल शुद्ध उपस्थिति अनुपात क्या है?



विकास

उत्तर : किसी आयु वर्ग के विद्यालय जाने वाले बच्चों की संख्या का उसी आयु वर्ग की कुल जनसंख्या से अनुपात शुद्ध उपस्थिति अनुपात कहलाता है।



विकास

4. जीवन प्रत्याशा का क्या अर्थ है?



विकास

उत्तर : जीवन प्रत्याशा से तात्पर्य उस औसत आयु से है, जितने वर्ष तक किसी नवजात शिशु के जीवित रहने की अपेक्षा की जाती है।



विकास

5. मानव विकास सूचकांक (HDI) क्या है?



विकास

उत्तर : HDI एक सूचकांक है जो स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर देशों के मानव विकास का आकलन करता है।

विकास

6. आय के अतिरिक्त विकास के दो गैर-आर्थिक लक्ष्य लिखिए।

विकास

उत्तर : समानता और स्वतंत्रता विकास के दो गैर-आर्थिक लक्ष्य हैं। इनके अतिरिक्त सुरक्षा, सम्मान और स्वच्छ पर्यावरण भी महत्त्वपूर्ण हैं।



विकास

7. सार्वजनिक सुविधाएँ क्यों आवश्यक हैं?



विकास

उत्तर : सार्वजनिक सुविधाएँ लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता जैसी आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराती हैं तथा जीवन स्तर सुधारती हैं।

विकास

8. नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधनों में क्या अंतर है?



उत्तर : नवीकरणीय संसाधन प्राकृतिक रूप से दोबारा उपलब्ध हो सकते हैं, जैसे सौर ऊर्जा।

अनवीकरणीय संसाधन सीमित हैं, जैसे कोयला और पेट्रोलियम।



विकास

9. भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को बचाना क्यों जरूरी है?

विकास

उत्तर : संसाधनों को बचाने से भविष्य में भी लोगों की आवश्यकताएँ पूरी हो सकेंगी और पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा।



विकास

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. "विभिन्न व्यक्तियों के विकास के लक्ष्य अलग-अलग होते हैं।" उदाहरण सहित समझाइए।

(PYQ: 2019, 2023)

विकास

उत्तर : विभिन्न व्यक्तियों की परिस्थितियाँ, आवश्यकताएँ और इच्छाएँ अलग होती हैं। इसलिए उनके विकास के लक्ष्य भी अलग होते हैं।

- भूमिहीन मजदूर अधिक काम और बेहतर मजदूरी चाहता है।
- किसान सिंचाई की सुविधा और अपनी फसल का उचित मूल्य चाहता है।

विकास

- विद्यार्थी अच्छी शिक्षा और रोजगार के अवसर चाहता है।
- इसलिए एक व्यक्ति का विकास लक्ष्य दूसरे व्यक्ति से भिन्न हो सकता है।



विकास

2. केवल औसत आय के आधार पर देशों की तुलना करना पर्याप्त क्यों नहीं है? (PYQ अभ्यास)



विकास

उत्तर : केवल औसत आय के आधार पर देशों के विकास का सही आकलन नहीं किया जा सकता, क्योंकि :

1. औसत आय से आय के वितरण में असमानता का पता नहीं चलता।
2. यह शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति को पूरी तरह नहीं दर्शाती।
3. यह स्वच्छ पर्यावरण, सुरक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं की उपलब्धता नहीं बताती।

विकास

3. विश्व बैंक और UNDP विकास का आकलन किस प्रकार करते हैं? (PYQ: 2024)



विकास

उत्तर :

- विश्व बैंक : देशों की तुलना के लिए मुख्यतः प्रति व्यक्ति आय का उपयोग करता है।
- UNDP : मानव विकास का आकलन करते समय स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय को महत्त्व देता है।
- मुख्य अंतर : विश्व बैंक का दृष्टिकोण आय पर अधिक केंद्रित है, जबकि UNDP का दृष्टिकोण मानव कल्याण के व्यापक पहलुओं को शामिल करता है।

विकास

4. सतत विकास क्यों आवश्यक है? तीन कारण दीजिए। (PYQ: 2015, 2016, 2020)



विकास

उत्तर : सतत विकास वह विकास है जो वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता को नुकसान नहीं पहुँचाता।

इसके तीन प्रमुख कारण हैं:

1. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है।
2. पर्यावरण प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन कम करने में मदद मिलती है।
3. भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधन उपलब्ध रहते हैं।

विकास

5. आय अधिक होने के बावजूद कोई व्यक्ति या देश विकास के सभी लक्ष्यों को क्यों प्राप्त नहीं कर सकता?



विकास

उत्तर :

1. अधिक आय होने पर भी व्यक्ति को स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित वातावरण मिलना निश्चित नहीं है।
2. धन से समानता, सम्मान और भेदभाव से मुक्ति की गारंटी नहीं मिलती।
3. अच्छे विद्यालय, अस्पताल, स्वच्छ पेयजल और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएँ भी जीवन की गुणवत्ता के लिए आवश्यक हैं।